## जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 03.05.2025 को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

### जल जीवन मिशन

- जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अब तक की गयी प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देश दिये गये कि आज दिनांक 03.05.2025 के बाद सन्दर्भित योजना में किसी कम्पनी को कोई भी भुगतान न किया जाये। यह भी निर्देश दिये गये कि एक्शन प्लान बनाकर सभी कम्पोनेन्ट पर सिस्टेमेटिक रूप से मेहनत से कार्य करें।
- यह सुनिश्चित करें कि योजनान्तर्गत अब तक कितने बोरिंग होने थे उसके सापेक्ष कितने बोरिंग हो गये है। इसी प्रकार योजनान्तर्गत कितने ओवरहैड टैंक बनने थे उसके सापेक्ष कितने बन गये है। गांव में बोरिंग हेतु जमीन उपलब्ध न होने पर चारागाह में बोरिंग करायी जा सकती है। सभी इण्डीकेटर पर साथ–साथ कार्य करें।
- प्रत्येक शनिवार को अधिशासी अभियन्ता योजनान्तर्गत कार्य कर रही कम्पनियों के प्रतिनिधियों को लेकर बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। कम्पनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये कि जनपद में योजना की प्रगति लक्ष्य के अनुसार करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें ब्लैकलिस्टेड कर दिया जायेगा। यह भी निर्देश दिये गये कि कम्पनी अपनी मैनपावर बढ़ायें।

### महिला एंव बाल विकास कल्याण

- जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये गये कि एन0आर0एल0एम0 के टेकहोम राशन से आंगनवाडी केन्द्रों में जितने पैकेट प्राप्त हो रहे है उनके बिल एन0आर0एल0एम0 से प्रत्येक माह प्राप्त कर भुगतान करना सुनिश्चित करें। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी पोषण ट्रेकर एप पर राशन का वितरण भी देखें कि जितने पैकेट प्राप्त हुए थे उनका वितरण आंगनवाडी केन्द्रों पर हो गया है या नहीं।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।**

Signed by
Ramesh Chandra
Date: 08-05-2025 17:12:44
जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,
इटावा।

## ।। कार्यालय जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, इटावा।।

**पत्रांक 77 /डीएसटीओ/विकास प्राथमिकता कार्यक्रम/बैठक कार्यवृत/2024–25 दिनांकः** 13-05-2025

**प्रतिलिपि–**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. समस्त सम्बन्धित अधिकरियों को अनुपालनार्थ प्रेषित।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी,
इटावा।